**भ्रष्टाचार** साईंखेड़ा और चीचली जनपद में अपात्रों की चांदी, झुग्गी में रहने वाले हितग्राही आज भी सरकारी मदद के मोहताज

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पीएम आवास योजना

**नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा।** प्रदेश में जहाँ एक ओर सरकार हर गरीब को छत देने का दावा कर रही है, वहीं गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र की जनपद पंचायत साईंखेड़ा और चीचली में प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी नजर आ रही है। जमीनी हकीकत यह है कि यहाँ फर्जी आवास का खेल धड़ल्ले से चल रहा है, जहाँ रसूखदारों और संपन्न लोगों को सरकारी खजाने से लाभ पहुँचाया जा रहा है, जबकि असली जरूरतमंद आज भी टूटी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं।




## दो-मंजिला मकान वालों को मिल रहा आवास

क्षेत्र के ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायतों में ऐसे दर्जनों मामले हैं जहाँ हितग्राहियों के पास पहले से ही आलीशान दो-मंजिला पक्के मकान मौजूद हैं। इसके बावजूद, पंचायत सचिवों और जीआरएस (GRS) की मिलीभगत से उन्हें भूमिहीन या कच्चे मकान वाला दिखाकर आवास स्वीकृत कर दिए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके पीछे कमीशनखोरी का एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है।

## कैसे होता है खेल भ्रष्टाचार का तरीका बेहद शातिर है

जियो-टैगिंग के दौरान किसी दूसरे के कच्चे मकान या पुराने खंडहर के सामने अपात्र व्यक्ति को खड़ा करके फोटो खींच ली जाती है। रिकॉर्ड में उसे गरीब दर्शाकर किश्तें जारी कर दी जाती हैं। कई मामलों में तो एक ही परिवार के कई सदस्यों के नाम पर अलग-अलग आवास स्वीकृत करा लिए गए हैं। पात्र लोग लगा रहे दफ्तरों के चक्कर एक तरफ जहाँ संपन्न लोग सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं, वहीं साईंखेड़ा और चीचली के गरीब तबके के लोग जनपद पंचायत और तहसील कार्यालयों के चक्कर काटकर थक चुके हैं।

कई पात्र ग्रामीणों ने बताया कि हमसे आवास दिलाने के नाम पर पैसों की मांग की जाती है, और पैसे न देने पर सर्वे सूची से नाम काट दिया जाता है। जो जांच का विषय हैं।

## आवासों का सत्यापन कराया जाए

अपात्रों का चयन आखिर किन मापदंडों पर दो-मंजिला मकान मालिकों को गरीब माना गया जियो-टैगिंग की सत्यता क्या अधिकारियों ने मौके पर जाकर सत्यापन किया या केवल कागजों पर खानापूर्ति हुई कमीशन का खेल पंचायतों में सक्रिय दलालों और अधिकारियों की सांठगांठ की जांच क्यों नहीं हो रही विपक्ष और जनता में आक्रोश इस भ्रष्टाचार को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई और अपात्रों से रिकवरी कर पात्रों को लाभ नहीं दिया गया, तो वे उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने को विवश होंगे। यह सीधे तौर पर गरीबों के हक पर डाका है। सरकारी पैसे का ऐसा दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम कलेक्टर से मांग करते हैं कि साईंखेड़ा और चीचली की प्रत्येक पंचायत में आवासों का भौतिक सत्यापन कराया जाए।

## बांग्लादेश में हिंदू हत्या पर शंकराचार्य ने जताई चिंता

**नवभारत, नरसिंहपुर।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे निरंतर हमलों और हाल ही में हुई एक और नृशंस हत्या पर ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने गहरा रोष व्यक्त किया है। अन्याय पर मौन को बताया अपराध शंकराचार्य जी ने समाज को सचेत करते हुए कहा कि सभ्यताओं का पतन केवल हथियारों से नहीं, बल्कि अन्याय पर साधे गए मौन से होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बांग्लादेश में बह रहा हिंदू रक्त मानवता के माथे पर कलंक है और इस पर चुप्पी साधना एक अपराध के समान है। दोहरे मापदंडों पर अंतरराष्ट्रीय मंचों को घेरा अंतरराष्ट्रीय बिरादरी पर सवाल उठाते हुए जगद्गुरु ने कहा कि हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर वैश्विक चुप्पी दोहरे मापदंडों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी घटनाएं किसी अन्य समुदाय के साथ होतीं, तो अब तक पूरी दुनिया में हाहाकार मच गया होता। जब आस्था असुरक्षित हो और न्याय के द्वार बंद हों, तो अलग अस्तित्व की मांग विवशता बन जाती है। हिंदू समाज से संकल्प लेने का आह्वान उन्होंने विश्व भर के हिंदू समाज से आह्वान किया कि यह समय केवल शोक मनाने का नहीं, बल्कि संकल्प लेने का है।

# मौत को दावत दे रहे खुले चैम्बर

**नवभारत,गोटेगांव।** जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गोहचर में स्वच्छता और विकास के दावों के बीच प्रशासनिक अनदेखी का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है, जहां गांव की गलियों और मुख्य मार्गों पर बने सीवेज व नाली के चैम्बर पिछले काफी समय से खुले पड़े हैं।



पंचायत प्रशासन द्वारा समय पर ढक्कन न लगाए जाने और उचित रखरखाव के अभाव के कारण ये खुले चैम्बर ग्रामीणों के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं हैं और यहाँ हर समय दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए बताया कि जिन मार्गों पर ये खुले चैम्बर स्थित हैं, वहां से रोजाना सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है, जिसके चलते बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रात के अंधेरे या बारिश के दौरान इन गड्ढों की दृश्यता कम होने के कारण गिरने का जोखिम और भी अधिक बढ़ जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पूर्व में भी यहाँ कई छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। पंचायत की इस निरंतर अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने अब जनपद प्रशासन से मांग की है कि सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल सभी खुले चैम्बरों पर मजबूत ढक्कन लगवाए जाएं और इस घोर लापरवाही के लिए उत्तरदायी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। नागरिकों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो यह लापरवाही किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकती है, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# वृद्धाश्रम में तहसील पेंशनर समाज का पुनर्गठन

**नवभारत,करेली।** स्थानीय सोमवारा बाजार स्थित वृद्धाश्रम में गत दिवस तहसील पेंशनर समाज का पुनर्गठन किया गया। सर्वप्रथम श्री गणेश जी का आव्हान कर हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्टेट बैंक के पहले पेंशनर समाज तहसील करेली की बैठक का आयोजन हुआ। शाखा प्रबंधक द्वारा वरिष्ठ पेंशनर जनों का फूल मालाओं से स्वागत किया अध्यक्ष सुधीर रघुवंशी द्वारा शाखा प्रबंधक का स्वागत किया गया इस मौके पर अपने संबोधन में शाखा प्रबंधक द्वारा बैंकिंग उत्पादो एवं बैंक द्वारा दी जाने वाली पेंशनरों की सुविधाओं की जानकारी दी गई साथ ही पेंशनरों की समस्याओं का उचित निराकरण किया , छोटे राजा पटेल ने भी अपने संबोधन में संगठन को और ज्यादा सशक्त बनाने संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार किया गया जो इस प्रकार है संरक्षक छोटे राजा पटेल अध्यक्ष सुधीर रघुवंशी नारायण यादव एवं सहसचिव रामसिंह ठाकुर को नियुक्त किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षा पुलिस पंचायत एवं ग्रामीण कृषि कल्याण पशु चिकित्सा वन राजस्व पीएच ई एवं अन्य विभागों के अधिकारी कार्यक्रम में पधारे सभी सदस्यों का आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष हरगोविंद शर्मा ने किया।

# नर्मदा तट पर गूंजेगी राम कथा, मुआर घाट में शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव के समीपवर्ती मुआर घाट नर्मदा तट पर इस वर्ष भी आस्था और भक्ति का भव्य संगम होने जा रहा है। अखंड ब्रह्मांड नायिका मां नर्मदा जी एवं पंचमुखी हनुमान जी महाराज के आशीर्वाद व सद्गुरु श्री 108 महंत उमा चरणदास त्यागी मोनी बाबा की पावन प्रेरणा से श्रीमद् राम कथा एवं शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है।यह धार्मिक अनुष्ठान 6 जनवरी 2026 मंगलवार से प्रारंभ होकर 14 जनवरी 2026 बुधवार तक निरंतर चलेगा, जिसमें प्रतिदिन दिव्य राम कथा और वैदिक विधि-विधान से पूजन संपन्न होगा। इस आध्यात्मिक महोत्सव में राम कथा का वाचन संत राजेंद्र दास (झांसी वाले) के




श्रीमुख से दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया जाएगा। वहीं, शतचंडी महायज्ञ में यज्ञाचार्य प्रभात कुमार शर्मा (इटारसी) द्वारा विधि-विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न कराया जाएगा, जिसका समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक निर्धारित है।

# इंदौर की घटना से सबक,पेयजल की होगी जांच, अध्यक्ष ने दिए निर्देश

**नवभारत,साईखेड़ा।** इंदौर शहर में पिछले दिनों दूषित पानी के सेवन से हुई जनहानि और दुखद मौतों को गंभीरता से लेते हुए साईखेड़ा नगर परिषद सतर्क हो गई है। नगर परिषद अध्यक्ष स्वाती अग्रवाल ने स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर के पेयजल स्रोतों की सघन जांच के निर्देश जारी किए हैं।

## सुरक्षा के मद्देनजर उठाया कदम

नगर परिषद अध्यक्ष ने इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को एक पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि इंदौर की घटना को देखते हुए निकाय क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर के विभिन्न वार्डों में


कार्यालय नगर परिषद साईखेड़ा जिला, नरसिंहपुर म.प्र.
मो0नं0 7000727977
अध्यक्ष
श्रीमति स्वाती अग्रवाल
नगर परिषद साईखेडा
जिला नरसिंहपुर म0प्र0
(मा0ज0पा0)
साईखेडा, दिनांक 03/1/2026
प्रति,
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद साईखेडा
विषय:- पेयजल परीक्षण कराये जाने के संबंध में।
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कुछ दिन पूर्व इंदौर शहर में दूषित पानी के कारण कुछ लोगों की दुखद मृत्यु हो गई हैं, इस घटना को देखते हुए निकाय के समस्त नलकूपो द्वारा संचालित घरो के कुछ नलो के पानी का परीक्षण कार्य कराया जावे एवं रिपोर्ट अनुसार जल जनित रोगों से बचाव के उपाय किये जावे।
अध्यक्ष
नगर परिषद, साईखेडा
जिला नरसिंहपुर म0प्र0

संचालित नलकूपों और उनके माध्यम से घरों में होने वाली जलापूर्ति का तत्काल परीक्षण कराया जाए।

## प्रमुख बिंदु और निर्देश


नलकूपों की जांच नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी नलकूपों के पानी की शुद्धता जांची जाएगी। घर-घर सैंपलिंग: चिन्हित घरों के नलों से पानी के सैंपल लेकर लैब टेस्ट कराए जाएंगे। बीमारियों से बचाव जांच रिपोर्ट के आधार पर जलजनित रोगों (जैसे डायरिया, टाइफाइड) से बचाव के लिए आवश्यक क्लोरीनयुक्त पानी और सफाई के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

## स्वास्थ्य को लेकर प्रशासन गंभीर

स्वाती अग्रवाल ने कहा कि जनता को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। इंदौर की घटना बेहद दुखद है, जिससे सबक लेते हुए हम साईखेड़ा में अग्रिम सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें और इसकी विस्तृत रिपोर्ट परिषद को सौंपें। नगर परिषद की इस त्वरित पहल से स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का खतरा हमेशा बना रहता है। प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि वे जल स्रोतों के आसपास सफाई रखें और किसी भी प्रकार की शंका होने पर तुरंत परिषद को सूचित करें।

# प्रकृति और आस्था का संगम सब्जियों से हुआ मां राजराजेश्वरी का दिव्य श्रृंगार

**नवभारत,गोटेगांव।** परमहंसी गंगा आश्रम में शाकंभरी जयंती के अवसर पर भक्ति का एक अनूठा और मनमोहक स्वरूप देखने को मिला। यहां विराजमान मां राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी माता का श्रृंगार इस बार पारंपरिक स्वर्ण आभूषणों या रेशमी वस्त्रों के बजाय खेतों में उगने वाली ताजी और हरी-भरी सब्जियों से किया गया। लौकी, कद्दू, बैंगन, टमाटर, भिंडी, मिर्च और विभिन्न प्रकार के साग से सजी माता की प्रतिमा को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात प्रकृति मां के चरणों में समर्पित हो गई हो। सब्जियों के श्रृंगार से दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश मंदिर परिसर में पहुंचे श्रद्धालुओं को इस अलौकिक



श्रृंगार के माध्यम से एक गहरा संदेश मिला कि अन्न ही जीवन है और प्रकृति ही वास्तविक शक्ति है। शाकंभरी माता को पौराणिक काल में अकाल के समय मानवता को अन्न प्रदान करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है।

## एक नजर में



## नववर्ष पर युवा प्रेरणा समिति ने वनवासी बच्चों को वितरित की आवश्यक सामग्री

**नवभारत,गाडरवारा।** नववर्ष के पावन अवसर पर समाजसेवा की भावना को साकार करते हुए युवा प्रेरणा समिति, नरसिंहपुर (संचालक ङ्क श्यामा गौशाला, बाम्हनवाड़ा) द्वारा रविवार को ग्राम बाम्हनवाड़ा में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा क्षेत्र के वनवासी बंधुओं के बेटा-बेटियों को सर्दी से बचाव हेतु ऊनी कपड़े (दस्ताने, मौजे), चप्पलें एवं बिस्कुट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। समिति के सदस्यों ने बच्चों से संवाद कर उन्हें शिक्षा के महत्व, स्वच्छता और अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। युवा प्रेरणा समिति नरसिंहपुर के पदाधिकारियों ने बताया कि समिति द्वारा निरंतर गौसेवा के साथ-साथ समाज के जरूरतमंद वर्गों, विशेषकर वनवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के लिए सेवा कार्य किए जाते रहे हैं। समिति का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना और सेवा के माध्यम से सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। स्थानीय ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने समिति के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देते हैं। कार्यक्रम में समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नि :शुल्क राशन वितरण

**नवभारत,गाडरवारा।** शासन द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए उन्हें सस्ता राशन उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे सार्वजानिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित सस्ते राशन की दुकानों से हालॉकि सरकार की मंशानुरूप गेहू, कैरोसिन, चॉवल और शक्कर का वितरण किया जा रहा है। वही सरकार के आदेश अनुसार कुछ महिनों तक पर्ची धारकों के लिये नि:शुल्क राशन भी वितरण किया जा रहा है। किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में नीले, पीले कार्डधारियों की शिकायत है कि उचित मूल्य की कई दुकानें ऐसी है जो समय के साथ निश्चत तिथि पर नही खुलने के कारण लोगो का समय व्यर्थ बर्बाद हो रहा है, इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है, जहां पर विगत लम्बे समय से लोगों को अनाज नही मिल पाया है बताया जाता है जिस सहकारी दुकान से चार पांच गांव जड़े है और विलम्ब से उसके खुलने की स्थिति मे वहॉ उपभोक्ताओं की भीड़ जुट जाती है और महिलाओं को खासकर इन दुकानो से सामान लेने मे परेशान होना पड़ता है ज्ञातव्य है कि आने वाले और तेज ठंड के मौसम का ध्यान रखते हुए सहकारी दुकानों से गरीबों, अतिगरीबो राशन कार्ड धारियों को खाद्यान्न का वितरण किया जाएग।

## किसान आंदोलन यात्रा आज

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष पटेल से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के आव्हान पर संपूर्ण प्रदेश में 5 जनवरी से किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली जा रही है। जिसके अनुसार ही नरसिंहपुर जिले में इस यात्रा की शुरूआत आज 6जनवरी मगंलवार को तेन्दूखेडा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम काशीखैरी से तेन्दूखेडा पूर्व विधायक संजय शर्मा की अध्यक्षता मे जिला कांग्रेस नरसिंहपुर की अध्यक्ष सुनीता पटैल एवं दीवान शैलेन्द्र सिंह के आतिथ्य में किया जा रहा है। किसान कांग्रेस के बैनर तले क्षेत्र के बरिष्ठ कांग्रेस नेताओ द्वारा किसानो की समस्याओं को रखा जाएगा। जिसमे कांग्रेस के सभी संगठन और प्रकोष्ठों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों उपस्थिति की अपील जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष पटेल ब्लाक किसान कांग्रेस के विपिन सिंह राजपूत ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।



## पार्किंग खाली फिर भी सड़क पर वाहनों का डेरा

**नवभारत,नरसिंहपुर।** गोटेगांव स्टेशन रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कृषि वाणिज्य शाखा के सामने बेतरतीब तरीके से खड़े होने वाले वाहन राहगीरों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे वाहन चालकों को निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। हैरानी की बात यह है कि बैंक परिसर के भीतर पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है, लेकिन वहां किसी जिम्मेदार कर्मचारी या सुरक्षाकर्मी की तैनाती न होने के कारण ग्राहक और स्वयं बैंक के कर्मचारी भी अपने वाहन मुख्य सड़क पर ही खड़े कर देते हैं। इस अनुशासनहीनता के कारण स्टेशन रोड की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब बैंक के कर्मचारी स्वयं नियमों की अनदेखी कर सड़क पर वाहन पार्क करते हैं, तो वे ग्राहकों को अनुशासन का पाठ कैसे पढ़ा सकते हैं। लंबे समय से बनी इस समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने प्रशासन व यातायात पुलिस से मांग की है।

# 14वीं पदयात्रा रवाना, भक्ति और उत्साह के साथ गूंजा नगर

**नवभारत,साईखेड़ा।** क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना को लेकर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली छींद धाम पदयात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हुई। नगर के अखाड़े वाले हनुमान मंदिर से निरंतर 13 वर्षों से चली आ रही इस सेवा ने आज अपने 14वें वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दादा भक्तों ने बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर थिरकते हुए अपनी यात्रा का शुभारंभ किया।



जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत अखाड़े वाले हनुमान मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन के बाद जैसे ही पदयात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर पहुँची, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरा नगर %जय श्री राम% और %हनुमान जी के जयकारों% से गुंजायमान रहा। भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था, जहाँ युवा, बुजुर्ग और बच्चे सभी भक्ति भाव में डूबे नजर आए। धार्मिक अनुष्ठान और भंडारा पदयात्रा अखाड़े वाले दादा के मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों से गुजरी। यात्रियों ने धूनी वाले मंदिर और नर्मदा तट में पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान आयोजकों द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के पश्चात सभी पदयात्री जयकारे लगाते हुए अपने गंतव्य छींद धाम के लिए रवाना हुए। 13 वर्षों की अटूट परंपरा आयोजकों ने बताया कि यह पदयात्रा सेवा पिछले 13 वर्षों से अनवरत जारी है। हर वर्ष नए साल के पावन अवसर पर इस यात्रा का आयोजन किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य नगर और पूरे क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करना है। 14वें वर्ष में भी इस यात्रा को लेकर भक्तों में वही पुराना उत्साह और नई ऊर्जा देखने को मिली।

# अतिथि शिक्षकों ने मांगों को लेकर रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** मध्यप्रदेश के अतिथि शिक्षकों ने एक बार फिर अपनी भविष्य को लेकर सरकार के समक्ष गंभीर चिंता व्यक्त की है। विगत दिवस आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के बैनर तले प्रदेश भर के अतिथि शिक्षकों की ओर से राज्यपाल मुख्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भेज कर वर्षों से लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय की मांग की गई है।



विगत दिनों नरसिंहपुर के जनपद मैदान से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक अतिथि शिक्षकों ने रैली निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। रैली के समापन पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में जाकर नायब तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक मौजूद रहे। अतिथि शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 17 18 वर्षों से अतिथि शिक्षक स्कूल शिक्षा विभाग एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन आज भी उनका भविष्य असुरक्षित बना हुआ है। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए तीन अलग-अलग कैडर स्वीकृत किए गए। परंतु अतिथि शिक्षकों को किसी भी के कैडर में शामिल नहीं किया गया। जिससे उनमें सेवा से बाहर किए जाने भय और असंतोष बढ़ गया ह अतिथि शिक्षकों की प्रमुख मांगों में कार्यानुभव एवं वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों का सेवाकाल 12 माह एवं 62 वर्ष तक सुरक्षित किया जाए। वर्तमान में सेवा से पृथक अतिथि शिक्षकों को रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए। अतिथि शिक्षक महापंचायत में की गई घोषणा के अनुसार शिक्षक भर्ती में प्रतिवर्ष 4 बोनस अंक अधिकतम 20 अंक जोड़े जाए। कार्यानुभव व वरिष्ठता के आधार पर विभागीय परीक्षा आयोजित की जाए। कैबिनेट में पारित प्रस्ताव के अनुसार अतिथि शिक्षकों को संविदा कैडर में शामिल किया जाए। हरियाणा मॉडल अतिथि शिक्षक विधेयक 2019 एवं छत्तीसगढ़ मॉडल 12 माह 62 वर्ष को मध्यप्रदेश में लागू किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा वर्ष 2018 में लिखे गए पत्र की भावना के अनुरूप अतिथि शिक्षकों को संविदा शिक्षक बनाया जाए।

## शीघ्र निर्णय लेने की अपील

अतिथि शिक्षक संघ ने सरकार से मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सकारात्मक पहल नहीं हुई तो प्रदेश भर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अतिथि शिक्षक संघ से जिला अध्यक्ष शिवकुमार सोनी उपाध्यक्ष बृजेंद्र नेमा ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा दीपक कुर्मी विपिन लाघिया घनश्याम चौधरी युवराज पटेल टीकाराम साहू प्रदीप कुमार मदारे विजय नेमा राजकुमार लोधी मुकेश कुमार दुबे जितेंद्र रजकार सुनील विश्वकर्मा संतराम राजकुमार लोधी नीरज जैन कृष्ण कुमार पटेल महेंद्र चौधरी इत्यादि अतिथि शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**नवभारत,गाडरवारा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा गांव गांव अपनी जनराशि करते हुए विकास कार्य कराये जा रहे है, मगर कहा जाता है कि वह विकाय का कार्य सही कहलाता है जिसकी लोगों को उपयोगता होती है और यदि वही विकास कार्य नही होता है तो संपूर्ण विकास कार्यो पर प्रश्न चिन्हें लग जाते है कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम पंचायत नांदनेर में देखने मिल रही है।

जहां पर बताया जाता है कि हायर सेकेण्डरी स्कूल होने के साथ साथ सेवा सहकारी समिति सहित अन्य सुविधाएं तो गांव में उपलब्ध है, मगर यहां पर यात्री प्रतिक्षालय नही होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि ग्राम नांदनेर गाडरवारा पिपरिया मुख्य मार्ग पर स्थिति होने के कारण यहां से सभी प्रकार के वाहनों का निकलना होता है, वही यहां पर अपनी यात्रा करने के लिए इस मार्ग से चलने वाली बसों को पकड़ने के लिए प्रतिदिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम झांझनखेड़ा, मिढ़वानी, देवरी, दहलवाड़ा, छोटी बनखेड़ी सहित अन्य गांवों के लोगों का आना जाना भी रहता है।

## नाम सुधार सूचना

मैं Jaydeep Agrawal निवासी SHOBHAPUR COLONY, BETUL, MADHYA PRADESH का नि. लि. कथन शपथपूर्वक करता हूँ:- यह कि में उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। यह कि मेरे पुत्री की जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम GAURANSHI AGRAWAL एवं पिता का नाम Jaydeep Agrawal दर्ज है एवं माता का नाम SAKSHI AGRAWAL दर्ज है जिसमें पुत्री का नाम त्रुटिपूर्ण है। यह कि उक्त मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम GAURANSHI AGRAWAL के स्थान पर SHANVIKA AGRAWAL पिता Jaydeep Agrawal सुधार कर दर्ज किया जावे। यह कि मेरे द्वारा दी गई संपूर्ण जानकारी सत्य व सही है।

पुराना नाम:- GAURANSHI AGRAWAL
नया नाम:- SHANVIKA AGRAWAL